आठ हजार की रिश्वत लेते बीएमओ और सुपरवाइजर चढ़े लोकायुक्त के हाथ

फार्स्ट एड क्लीनिक की अनुमति देने मांगी थी दस हजार की रिश्वत

नवभारत न्यूज

रीवा, 3 नवम्बर, लोकायुक्त रीवा की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रायपुर कर्चुलियान में सोमवार की दोपहर बीएमओ एवं सुपर वाइजर को 8 हजार की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है. फास्ट एड क्लीनिक खोलने की अनुमति देने के लिये 10 हजार की रिश्वत मांगी गई थी.

बीएमओ के कक्ष में लोकायुक्त ने पकड़ा. दोनो आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक हटवा निवासी जयप्रकाश गुप्ता ने रायपुर कर्चुलियान में फास्ट एड क्लीनिक खोलने की अनुमति मांगी थी. जिसके एवज में 10 हजार रूपये की रिश्वत मांगी गई. पूरे मामले की शिकायत लोकायुक्त एसपी कार्यालय में की गई. जहा शिकायत की जांच उपरांत कार्यवाही की गई. सोमवार की दोपहर बीएमओ डा. कल्याण



सिंह एवं सुपर वाइजर शिव शंकर तिवारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रायपुर कर्चुलियान में 8 हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया. शिकायतकर्ता ने जैसे ही रिश्वत के पैसे दिये उसी समय लोकायुक्त की टीम ने दबोच लिया. पूर्व में दो हजार रूपया ले चुके थे और 8 हजार रूपये लेकर शिकायतकर्ता को बुलाया था. जहा लोकायुक्त ने दबोच लिया. दोनो आरोपियों के खिलाफ धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संसोधन अधिनियम 2018 के अन्तर्गत अपराध पंजीबद्ध कर जांच की जा रही है. ट्रेप की कार्यवाही उप पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह परिहार एवं निरीक्षक संदीप सिंह के नेतृत्व में की गई.

प्रकरण कायम किया गया है :पाटीदार

लोकायुक्त एसपी सुनील पाटीदार ने बताया कि 8 हजार की रिश्वत लेते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रायपुर कर्चुलियान के बीएमओ डा. कल्याण सिंह एवं सुपर वाइजर शिवशंकर तिवारी को पकड़ा गया है जिनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है.

तीन दिवसीय अलाउद्दीन खां संगीत समारोह 7 से

सरोदवादक सिराज अली का कार्यक्रम 7 को

नवभारत न्यूज

सतना/मैहर 03 नवम्बर . प्रतिवर्ष होने वाली ख्यातिलब्ध उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह का 51वां आयोजन बड़े धूमधाम से 7 से 9 नवम्बर तक किया जाएगा। मैहर में होने वाले प्रसिद्ध संगीत समारोह की तैयारियों जोर-शोर से की जा रही है।

मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल और जिला प्रशासन मैहर के संयुक्त तत्वाधान में यह समारोह स्टेडियम ग्राउंड मैहर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में सभी नागरिकों का प्रवेश नि:शुल्क होगा।

51वें उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह का शुभारंभ 7 नवम्बर को सायं 7 बजे से स्टेडियम ग्राउण्ड मैहर में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कृति पर्यटन, धार्मिक न्याय एवं धर्मस्व विभाग मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री तथा मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में सतना सांसद गणेश



सिंह, विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी शामिल होंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मैहर गीता संतोष सोनी की विशेष गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

51वें उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह में देश के ख्यातिलब्ध कलाकारों के साथ ही चयनित क्षेत्रीय और स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां भी होगी। प्रथम दिवस 6 नवम्बर को पूर्वरंग कार्यक्रम के तहत स्थानीय और क्षेत्रीय कलाकारों की शास्त्रीय गायन, वादन और नृत्य की प्रस्तुतियां होगी। इसी प्रकार 7 नवम्बर को मैहर वाद्य वृन्द संगीत सभा की शुरुआत की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 7 नवम्बर को रूपरानी दास एवं साथी दिल्ली द्वारा कथक समूह नृत्य, इन्दौर की कनकश्री भट्ट गायन तथा सिराज अली खां कोलकाता द्वारा सरोद वादन की प्रस्तुतियां होगी।

अश्वनी शंकर की शहनाई गूंजेगी दूसरे दिन

8 नवम्बर की संगीत सभा में मैहर का वाद्य वृन्द, आरोही मुंशी दिल्ली की भरतनाट्यम एकल नृत्य, सुचिस्मिता साहू एवं साथी उडीसा का ओडिसी समूह नृत्य, अवधेश सिंह तोमर सागर का गायन, अश्वनी शंकर दिल्ली का शहनाई जुगलबंदी, सचिन कुम्हरे रायपुर का कथक एकल की प्रस्तुतियां होगी। 9 नवम्बर को मैहर वाद्य वृन्द, अनुराधा पाल मुंबई-रविशंकर उपाध्याय दिल्ली का तबला-पखावाज जुगलबंदी, कविता शाजी एवं साथी भोपाल द्वारा मोहिनीअट्टम समूह नृत्य, विनोद मिश्रा सतना का गायन, संगीत शंकर वाराणसी का वायोलिन वादन तथा मानव महंत ग्वालियर का कथक युगल की प्रस्तुतियां दी जाएगी।

सतना व मैहर के बैंकों में 60 करोड़ रुपए की जमा रकम के दावेदार नहीं

सतना के सवा लाख खातों में 47 करोड़ व मैहर के 35 हजार खातों में 13 करोड़ की राशि शामिल

नवभारत न्यूज

सतना 03 नवम्बर. कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की समीक्षा के दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक गौतम शर्मा द्वारा जानकारी दी गई कि सतना जिले के कुल 1 लाख 21 हजार खातों में 47 करोड़ रूपये एवं मैहर जिले के कुल 35 हजार खातों में 13 करोड़ रूपये की राशि अदावाकृत हो गई है।

अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा जानकारी दी गई कि किसी भी खाते

में 10 वर्ष तक लेन-देन न होने पर जमा राशि अदावाकृत स्टेज पर पहुंच कर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संचालित जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कोष में स्थानांतरित हो जाती है। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान संचालित किया जा रहा है। जिससे अदावाकृत जमा राशि को अपनी बैंक शाखा में आधार कार्ड एवं साधारण फॉर्म भरकर अपने खाते में वापस ली जा सकती है। यदि जमाकर्ता की मृत्यु हो गई है तब भी वारिस मृतक दावा फॉर्म भरकर अपनी जमाराशि पर दावा कर सकते है। इस अवसर पर 21 खाताधारकों के लगभग 37 लाख रुपए खातों में पुन: सक्रिय भी कराए गए।

कोल वाहन ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल

▶ पुलिस चौकी क्षेत्र खुटार के मोतीतारा तालाब के पास हुआ सड़क हादसा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 3 नवम्बर। खुटार पुलिस चौकी क्षेत्र के समीपी मोतीतारा तालाब के आगे एक ट्रेलर वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दिया।

जहां मोटरसाइकिल में सवार चालक समेत तीन युवक घायल हो गये। घायलों को चौकी प्रभारी

शीतला यादव ने अपने निजी वाहन से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुटार उपचार के लिए रवाना किया।जानकारी के अनुसार मोतीतारा तालाब के समीप कोल वाहन ट्रेलर वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 5029 के चालक ने मोटरसाइकिल वाहन क्रमांक एमपी 66 एमआई 1993 को टक्कर मार दिया। जिसमें मोटरसाइकिल में सवार आशीष कुमार यादव पिता रामलला यादव उम्र 32 वर्ष, रविन्द्र कुमार यादव पिता मानप्रसाद यादव उम्र 35 वर्ष, एक अन्य युवक सभी निवासी गड़ेरिया थाना बरगवां घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही खुटार चौकी प्रभारी शीतला यादव अन्य स्टाफ के साथ घटना स्थल पहुंच घायलों को उपचार के लिए रवाना कर दी। वहीं क्षत्रिय कुलावंत संगठन के सत्यम सिंह एवं यश सिंह भी घटना स्थल पहुंच घायलो को अस्पताल भेजवाने में मदद किया। हालांकि इसमें दो युवको को ज्यादा चोटे आई हैं। उक्त घटना आज दिन सोमवार की शाम करीब 6:30 बजे की है।

मैहर में युवा उत्सव10 को

सतना 03 नवम्बर . मैहर जिले में युवा उत्सव 10 नवम्बर को एकलब्य आदर्श आवासीय विद्यालय में होगा.

हालमार्क ज्वेलरी
BIS 916
सोना, चांदी, हीरा, रत्न
श्री कृष्ण ज्वेलर्स
पता : पन्नी लाल चौक, सतना
Mob.- 9479866550

निर्वाचक नामावली में जनप्रतिनिधियों सहित चिन्हित निर्वाचकों का नाम सुनिश्चित करें

नवभारत न्यूज

सतना 03 नवम्बर. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य प्रचलित है।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह ने सतना जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निंग आफीसर को निर्देशित करते हुए कहा है कि निर्वाचक नामावली में चिन्हित निर्वाचक जैसे न्यायपालिका के सदस्य, जनप्रतिनिधि घोषित पदों पर आसीन व्यक्ति तथा कला, संस्कृति, पत्रकारिता, खेल एवं लोक सेवा आदि क्षेत्रों के प्रमुख व्यक्तियों के नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज होने की पुष्टि कराये। साथ ही नामों को गलती से भी निरस्त न किया जाये।

ठेकेदार ने सड़कों में गड्ढे खोदकर छोड़ा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 3 नवम्बर। मोरवा शहर में निजी कंपनी का 4जी नेटवर्क बिछाने के लिए किये जा रहे कार्य में भारी अनियमिताएं बरती जा रही हैं।

आलम यह है कि गली मोहल्लों के अलावा शहर के व्यस्ततम क्षेत्र में सड़कों किनारे बड़े-बड़े गड्ढे कर छोड़ दिए गए हैं। जिससे दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। इतना ही नहीं गड्ढो में चेंबर डालने का

कार्य भी होना था, जिसे भी बनाकर सड़क किनारे लावारिस छोड़ दिया गया है। जानकारी अनुसार महीने भर पहले मोरवा क्षेत्र अंतर्गत 14 किलोमीटर की केबल लाइन बिछाने के लिए निजी कंपनी द्वारा यह कार्य की जिम्मेदारी ली थी। जिसे नगर निगम को भुगतान कर कार्य शुरू किया था, परंतु त्योहार को देखते हुए कार्य में लगी कंपनी के लोग आकस्मिक छुट्टी पर चले गए और अब स्थिति जस की तस बनी हुई है। ऐसे में व्यापारियों में खास आक्रोश देखा जा रहा है। क्योंकि बस स्टैंड से सटे फल मंडी समीप में भी गहरा गड्ढा छोड़कर चेंबर वहीं रख दिया गया है। इस लापरवाही से तो दुकानदारों को नुकसान हो ही रहा है, साथ ही राहगीर भी रात के अंधेरे में गड्ढे में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ऐसे में ठेकेदार न ही नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी इसकी सुध लेते दिखते हैं। समाचार के माध्यम से स्थानीय लोगों ने निगम प्रशासन का इस और ध्यान आकृष्ट कराया है।

KOLHAPUR MUNICIPAL CORPORATION, KOLHAPUR
PUBLIC WORKS DEPARTMENT

TENDER NOTICE NO. 82

Online tenders through E-Tendering system are invited from contractors for The construction of smart Toilets in various location within the Kolhapur Municipal Corporation area and for 7 years of their maintenance and upkeep. The detailed tender notice can be downloaded from the e-tendering website www.mahatenders.gov.in. Date of tender submission from 04/11/2025 09.30 AM to 11/11/2025 at 3.30 PM. Tender Opening Date 12/11/2025 at 4.00 pm. Date 03/11/2025.

Sd/-
City Engineer
Kolhapur Municipal Corporation

नशे और अवैध शराब तस्करों पर सख्त कार्रवाई

नवभारत न्यूज

सीधी, 3 नवम्बर. सीधी पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध की गई कार्यवाई में विगत 24 घंटों में जिलेभर में व्यापक छापेमारी एवं गिरफ्तारी की गई।

थाना बहरी निरीक्षक राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में विगत 24 घंटे चली कार्रवाई में आरोपी बब्बे कोल पिता तेजा कोल उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम बारी भठवा टोला के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा का एक पौधा वजन 7.300 किग्रा जप्त। जप्त माल की अनुमानित कीमत 1,09,500 रुपए,

आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। थाना जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व मे काजल गोस्वामी उम्र 30 वर्ष 580 ग्राम गांजा जब्त किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत 5,000 रुपए है। रामरति सिंह गोंड उम्र 30 वर्ष से 168 ग्राम गांजा जब्त किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत 1,500 सौ रुपए है।

अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 27 पृथक आबकारी प्रकरण दर्ज किए गए। जिनमें लगभग 135 लीटर अवैध शराब जब्त किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत 48,820 रुपए आंकी गई। वहीं गांजा/नशीली दवाओं में की कुल अनुमानित मूल्य 2,17,430 रुपए आंकी गई। कुल जप्त माल की अनुमानित कीमत 2,66,250 रुपए आंकी गई।

इनका कहना है

प्रहार 2.0 के माध्यम से सीधी पुलिस नशे व अवैध शराब के व्यापार को जड़ से समाप्त करने के लिए सक्रिय है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि, तस्करी या अनियमितता की सूचना नागरिक ईमानदारी से पुलिस को दें, आपकी जानकारी से हम और प्रभावी कार्रवाई कर सकेंगे। अपराधियों के प्रति कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

संतोष कोरी
पुलिस अधीक्षक सीधी

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का 15 दिन का वेतन कटा

सतना, 3 नवम्बर. मझगवां एसडीएम सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य ने चंदई और खुटहा के आंगनवाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया, जहाँ चंदई के तीन केंद्र बंद पाए गए और खुटहा का केंद्र अव्यवस्थित था, कार्यकर्ताओं को अपने कर्तव्यों का ज्ञान नहीं था। जनपद पंचायत मझगवां हमेशा से गंभीर कुपोषण की मार झेल रही है जिसको संज्ञान में लेते हुए सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य ने कार्यवाही प्रस्तावित की, जिसके तहत लापरवाह कार्यकर्ताओं के 15 दिन के वेतन की कटौती की गई और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया.

एनडीपीएस एक्ट का इनामी आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

रीवा, 3 नवम्बर, अमहिया पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में फरार चल रहे ईनामी आरोपी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है. आरोपी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 75 सौ रूपये का इनाम भी घोषित किया गया था. पुलिस को चकमा देकर आरोपी फरारी काट रहा था.

अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना अमहिया के अपराध क्रमांक 260/25 धारा 8,21,22 एनडीपीएस एक्ट 5/13 औषधि नियंत्रण अधिनियम में फरार ईनामी आरोपी छोटिया सोंधिया उर्फ सेझा मानस भवन के पास रोड के किनारे खड़ा है. सूचना पर कार्यवाही करते हुए थाना अमहिया पुलिस द्वारा मानस भवन के पास पहुंचकर जैसे ही आरोपी छोटिया सोंधिया को पकड़ने का प्रयास किया गया, आरोपी द्वारा पुलिस को देखते ही अमहिया नाले में छलांग लगा दी गई. जिसे काफी मसक्कत के बाद घेराबंदी कर थाना अमहिया पुलिस द्वारा ईनामी आरोपी छोटिया सोंधिया उर्फ सेझा पिता बृजनंदन सोंधिया उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम चुआ परिहारन टोला थाना गोविंदगढ़ हाल बंधान मोहल्ला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है.

कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा
पता-आजाद भवन टाउन हॉल खंडवा 450001 दूरभाष 07332223523 ईमेल commkhanndwa@mpurban.gov.in
क्रमांक: क्र / रा. बा. /874//2025 खण्डवा, दिनांक 30/10/2025

ई-निविदा विज्ञप्ति

निगम स्वामित्व की नीचे वर्णित संपत्तियों को मध्यप्रदेश अचल अंतरण नियत 2016 के प्रावधानों के अंतर्गत उच्चतम आरक्षित मूल्य एवं निर्धारित वार्षिक भू-भाटक (लीज रेट) पर आरक्षण नियमों का पालन करते हुये 30 वर्ष की लीज पर आवंटन किये जाने हेतु अधिकतम राशि की प्रस्थापना (निविदा ऑफर) ऑनलाइन टेंडर कम ऑक्शन पद्धति से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा वेबसाईट www.mptendors.gov.in पर देखी जा सकता है। संपत्ति विवरण

पुराना बैंक ऑफ इंडिया भवन का शेष भूखण्ड ईतवारा बाजार मण्डी शाखा खण्डवा

क्र.	ई-निविदा क्रमांक	भूखण्ड	आरक्षण	भूखण्ड का क्षेत्रफल	आरक्षित (आफसेट) मूल्य	प्रतिभूति राशि (अमानत राशि)
1	2025_UAD_460065_1	पुराना बैंक ऑफ इंडिया भवन का शेष भूखण्ड इतवारा बाजार मण्डी शाखा खण्डवा (केवल भू-तल निर्माण हेतु)	अनारक्षित	245 वर्गफूट लगभग (22.76 वर्ग मीटर)	24,00,000/- (चौविस लाख रूपये)	60,000/-

निविदा ऑनलाइन क्रय तथा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 26/11/2025 (सायं 06.00 बजे तक)
निविदा खोलने की दिनांक :- 28/11/2025 (प्रात:10:30 बजे)

1. आरक्षण की स्थिति एवं विस्तृत शर्तें जिसमे अनुबंध की व्यापक शर्त भी शामिल है, का अवलोकन कार्यालयीन समय में नगर पालिक निगम की राजस्व शाखा में किया जा सकता है। 2. न्यूनतम आरक्षित मूल्य से कम राशि की निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा प्राप्त निविदा ऑफर स्वीकृति / अस्वीकृति करने का अधिकार आयुक्त न.पानि खण्डवा के पास सुरक्षित रहेगा। 3. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन www.mptendors.gov.in पर ही प्रदर्शित किया जायेगा पृथक समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। उपायुक्त
नगर पालिक निगम खण्डवा

सरदार पटेल देश के पीएम होते तो परिदृश्य कुछ और होते : डॉ . राजेश

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित यात्रा का मुख्यालय में हुआ समापन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 3 नवम्बर। भारतीय जनता पार्टी के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित यात्रा जो कि सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित थी उसके प्रथम चरण का जिला मुख्यालय के सामुदायिक भवन में समापन हुआ। संगठन की ओर से इस यात्रा का नाम सरदार /150 यूनिटी मार्च दिया गया था।

इस यात्रा का क्षेत्र लोकसभा स्तरीय निर्धारित किया गया था और इसका नेतृत्व लोकसभा सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने किया। चौथे दिन यह पदयात्रा

मुख्यालय बैढ़न पहुंची और सामुदायिक भवन बैढ़न में इस यात्रा का समापन हुआ। जिले की सीमा में इस यात्रा की आगवानी जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने इस यात्रा के जिले के संयोजक देवेश पांडेय, सह संयोजक विक्रम सिंह चंदेल समेत समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ किया। अपने उद्बोधन में लोकसभा सांसद ने कहा कि 31 अक्टूबर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती है और इसी वर्ष उनकी जयंती के 150 वीं वर्षगांठ है और यह यात्रा यूनिटी मार्च के नाम से सरदार पटेल को समर्पित है। सरदार पटेल अगर देश के प्रधानमंत्री होते तो आज देश का परिदृश्य कुछ और होता। कांग्रेस ने सरदार पटेल को प्रधानमंत्री न बनाकर नेहरू को बनाया और सरदार पटेल देश के गृहमंत्री बने। समारोह का संचालन यात्रा के जिले के संयोजक एवं निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय ने किया तथा आभार यात्रा के सह संयोजक और महामंत्री विक्रम सिंह चंदेल ने किया। इस अवसर पर दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डॉ. अभिषेक मिश्रा
BDS. MDS, FRS
● ओरल मैक्सिलोफेसियल प्लास्टिक सर्जन
● फैलोशिप इन राइनोप्लास्टी
● गंभीर रूप से टूटे हुए जबड़े की हड्डी के विशेषज्ञ
समय: सुबह 10 से शायं 07 बजे तक
12000 से ज्यादा जबड़े की सर्जरी का अनुभव
मंगलवार-शनिवार सुबह 10 से 2 बजे तक
बिरला हॉस्पिटल, सतना
पता: ओरामैक्स दंत चिकित्सालय
चर्च के सामने, डॉ. दीपक अग्रवाल के बगल में बोदा बाग रोड, रीवा
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
मो. 8109642865

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99